**रिक्ति अधिसूचना संदर्भ सं. सीएसएल/पीएण्डए/ भर्ती/ अनुबंध/ क.अ.व क.स./ 2021/18**
**दिनांक 27 अक्तूबर 2025**

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), भारत सरकार की एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनीरत्न अनुसूची 'ए' कंपनी, **सीएसएल में अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंतों** के निम्नलिखित पदों को भरने के लिए **पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों** से **आवेदन** आमंत्रित करती है:

**I. पदों का नाम, शैक्षिक योग्यता और अनुभव :-**

**तालिका 1**

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 1. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (यांत्रिकी) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से यांत्रिक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समतुल्य।<br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:**<br>समुद्री उपकरण और प्रणालियों के प्रचालन और अनुरक्षण में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव।<br>**वांछनीय:**<br>भारतीय नौसेना के पोतों पर पोत के उपकरणों की कमीशनिंग, प्रचालन और अनुरक्षण तथा निगरानी का अनुभव। कंप्यूटर आधारित डेटा प्रबंधन एवं रिकॉर्ड रखने में दक्षता। नौसेना के प्रमुख पोतों पर अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा। एमसीईआरए / एमसीएमईसीएच / सीएचईआरए / सीएचएमईसीएच / ईआरए3 / एमईसीएच 3/ एचए3 रैंक वांछनीय हैं। |
| 2. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (विद्युत) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विद्युत इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समतुल्य।<br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:**<br>समुद्री विद्युत उपकरण और प्रणालियों के प्रचालन और अनुरक्षण में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव।<br>**वांछनीय:**<br>भारतीय नौसेना के पोतों पर कंप्यूटर आधारित अत्याधुनिक उपकरण और हथियार नियंत्रण का अनुभव। कंप्यूटर आधारित डेटा प्रबंधन और रिकॉर्ड रखने में दक्षता। विद्युत योजनाओं, समस्या निवारण और विद्युत उपकरणों एवं प्रणालियों के अनुरक्षण/ मरम्मत की स्पष्ट समझ। मुख्य स्विच बोर्ड/पावर और नियंत्रण पैनल/पावर स्विच/प्रकाश व्यवस्था के प्रचालन और अनुरक्षण, नौसेना के प्रमुख पोतों पर डीजी के संचालन से परिचित होना एक अतिरिक्त लाभ होगा। एमसीईएपी/ सीएचईएपी/ ईएपी3/ सीएचएमईसीएच (पी) रैंक वांछनीय हैं। |

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षिक योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|
| 3. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स/ कम्यूनिकेशन व नेविगेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन व कंट्रोल) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग / इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या समतुल्य।<br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:**<br>समुद्री इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रचालन और अनुरक्षण में न्यूनतम 10 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव।<br>**वांछनीय:**<br>भारतीय नौसेना के पोतों पर संचार एवं नौवहन उपकरणों, अत्याधुनिक उपकरण एवं हथियार नियंत्रण की कमीशनिंग, प्रचालन और अनुरक्षण तथा निगरानी का अनुभव। कंप्यूटर आधारित डेटा प्रबंधन एवं अभिलेख रखने में दक्षता। पोत की संचार प्रणालियों जैसे ईपीएबीएक्स, ध्वनि चालित टेलीफोन, बहु-माइक्रोफ़ोन एवं स्पीकर स्टेशनों वाली मुख्य प्रसारण एवं जन संबोधन प्रणालियाँ, निम्न/उच्च शक्ति वायरलेस/आरएफ संचार प्रणालियाँ (वीएलएफ, एलएफ, एमएफ, एचएफ, वीएचएफ/ यूएचएफ और माइक्रोवेव आवृत्ति रेंज), पोत की नौवहन प्रणालियाँ, अग्नि संसूचन प्रणालियाँ, उनकी केबलिंग और अंतर्संबंधों के समस्या निवारण एवं अनुरक्षण/मरम्मत का अनुभव। एलएएन से परिचित होना और नौसेना के प्रमुख पोतों पर आरएफ/वायरलेस एवं अन्य संचार प्रणालियों/नौवहन प्रणालियों का अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा। एमसीईएआर / सीएचईएआर/ ईएआर3/ सीएचएमईसीएच (आर)/ एमईसीएच (आर) 3 रैंक वांछनीय हैं। |

## II. महत्वपूर्ण तिथि:

**ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ** : **27 अक्तूबर 2025**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** : **12 नवंबर 2025**

## III. रिक्तियों की संख्या:

**तालिका 2**

| क्र. सं. | पदों का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (यांत्रिकी) | 2 |
| 2. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (विद्युत) | 2 |
| 3. | अनुबंध के आधार पर कमीशनिंग अभियंता (इलेक्ट्रॉनिक्स/ कम्यूनिकेशन व नेविगेशन/ इंस्ट्रूमेंटेशन व कंट्रोल) | 2 |
| **कुल** | | **6** |

क) अपनी आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढाने/घटाने या रिक्ति को न भरने या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सीएसएल पर निर्भर है ।

ख) रोज़गार की प्रकृति में निहित यार्डों और जलयानों के लगातार दौरे के कारण, यह पद बैंचमार्क दिव्यांगज व्यक्तियों के लिए निर्धारित नहीं है।

**IV. अनुबंध की अवधि:**

क) उपरोक्त पद का अनुबंध कार्यकाल **तीन वर्ष की अवधि** के लिए है, जिसे संगठनात्मक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत प्रदर्शन के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**V. पारिश्रमिक:**

क) अनुबंध के प्रथम वर्ष के दौरान मासिक समेकित वेतन ₹ 50,000/- होगी तथा आगामी वर्षों में वार्षिक वृद्धि लागू होगी।

**VI. आयु:**

**अधिमानत: दिनांक 12 नवंबर 2025 को 45 वर्ष के अंदर।**

**VII. चयन की रीति:**

क) चयन प्रक्रिया (100 अंकों में से), सीएसएल, कोच्ची में आयोजित की जाएगी।

ख) प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की संख्या के आधार पर, सीएसएल आवेदनों की जांच करने और ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में आवेदकों द्वारा अपलोड किए गए प्रमाण पत्रों के माध्यम से निर्धारित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने के आधार पर उम्मीदवारों की लघुसूची तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और केवल ऐसे लघुसूचीगत उम्मीदवारों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है।

ग) उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र सत्यापन के समय सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति तथा स्वयं सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी, अन्यथा उन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए चयनित नहीं किया जाएगा।

घ) पदों के लिए रैंक सूची चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा समान अंक प्राप्त किए जाते हैं, तो आयु में वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता तय की जाएगी।

**VIII. शर्तें:**

**क) आरक्षण :**

i) आरक्षण पर भारत सरकार के निदेश लागू होंगे ।

**ख) योग्यता:**

i) पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता एआईसीटीई/ राज्य/केंद्र सरकार में उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण के द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान/परीक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

ii) किसी भी निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखनेवाले आवेदकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समकक्षता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए और ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

iii) किसी आवेदकों को पदों केलिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन में अर्हक परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंकों का सटीक प्रतिशत भरना आवश्यक है । कुछ विश्वविद्यालय/संस्थान/परीक्षा बोर्ड श्रेणी या अंकों का प्रतिशत नहीं देते हैं और कुल ग्रेड अंक (जैसे सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि) आबंटित नहीं करते हैं । यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड पॉइंट को श्रेणी में और /या अंकों के प्रतिशत में बदलने हेतु मानदंड निर्धारित करता है, तो उसे स्वीकार किया जाएगा । फिर भी, जहां विश्वविद्यालय/ संस्थान/ परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड पॉइंट को श्रेणी और /या अंकों के प्रतिशत में बदलने के मानदंड निर्धारित नहीं करती है, वहां आवश्यक प्रतिशत अंक प्राप्त करने केलिए कुल ग्रेड अंक को 10 से गुणा किया जा सकता है ।

**ग) अनुभव :**

i) **उपरोक्त के अनुसार निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण करने की तिथि के बाद प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता के बाद के अनुभव की अवधि की गणना दिनांक 12 नवंबर 2025 से की जाएगी।**

ii) **सीएसएल में पहले से कार्यरत कमीशनिंग अभियंतों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।**

iii) **जो लोग इस रिक्ति अधिसूचना की तिथि तक सीएसएल के रोल पर कमीशनिंग अभियंता के रूप में काम कर रहे हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

iv) आवेदकों को **भारतीय नौसेना से प्राप्त सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक/पेंशन भुगतान आदेश** प्रस्तुत करना होगा। उन्हें संबंधित प्राधिकारियों से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

v) जिन भूतपूर्व सैनिक के सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में डिप्लोमा अंकित है, उन्हे भारतीय नौसेना में संबंधित विषय में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। सेवा अवधि के दौरान अर्जित ऐसी योग्यता को भी योग्यता- पश्चात अनुभव की गणना केलिए माना जाएगा। डिप्लोमा की समकक्षता का दावा करनेवाले भूतपूर्व सैनिकों को प्राधिकरण के साथ उसी के सेवामुक्ति प्रमाणपत्र में समकक्षता या समर्थन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें),

अनुभव के प्रमाण के रूप में भारतीय नौसेना में संबंधित क्षेत्र में योग्यता और कार्य अनुभव का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए ।

vi) यदि उम्मीदवार वर्तमान में सरकारी विभागों या अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में कार्यरत हैं, तो उन्हें बाहरी रोज़गार के लिए आवेदन करते समय अपने संगठन में लागू नियमों/प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। ऐसे उम्मीदवारों को, यदि उनका चयन हो जाता है, तो उन्हें अपने संगठन से कार्यमुक्ति आदेश/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी।

vii) आवेदकों को स्पष्ट रूप से किए गए कार्य की प्रकृति और कर्तव्यों, संबंधित कार्यों में संभाली गई जिम्मेदारियों का उल्लेख करना चाहिए, साथ ही अधिसूचित पदों केलिए अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय इसके प्रमाण के रूप में अनुभव प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

**घ) आवेदन शुल्क :**

i) **ऑनलाइन भुगतान विकल्पों (डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग आदि)** का उपयोग करके ₹ 300/- **(गैर-वापसी योग्य, साथ ही बैंक शुल्क अतिरिक्त) आवेदन शुल्क** भेजा जाना चाहिए, जिसे **दिनांक 27 अक्तूबर 2025 से 12 नवंबर 2025 तक** हमारी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है । **भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

ii) **अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) से संबंधित उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है ।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

iii) सभी आवेदक जिनके लिए शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को छोडकर, उपरोक्त निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहिए। **यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उनकी उम्मीदवारी पर केवल आवेदन शुल्क प्राप्त होने पर ही विचार किया जाएगा ।**

**ङ) आवेदन कैसे करें:**

(i) आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले www.cochinshipyard.in **(कैरियर पृष्ठ->सीएसएल, कोच्ची) लिंक में प्रकाशित यूज़र मैनुअल और एफएक्यू को पढना चाहिए।** आवेदन दो चरण होते हैं – **एक बार पंजीकरण** और **लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना ।** आवेदकों एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं करना चाहिए । एक बार प्रस्तुत किया गया आवेदन अंतिम होगा ।

(ii) अधिसूचित आवश्यकताओं को पूरा करनेवाले आवेदक **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण कर सकते हैं और आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं ।** अपना आवेदन करने की सुविधा हमारी वेबसाइट www.cochinshipyard.in **(कैरियर पृष्ठ → सीएसएल, कोच्ची) के माध्यम से दिनांक 27 अक्तूबर 2025 से 12 नवंबर 2025 तक** प्राप्त की जा सकती है । **सीधे या किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

(iii) आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति आदि के प्रमाण के रूप में सभी प्रमाणपत्र और एक हालिया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर अपलोड किया गया है अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iv) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन में सभी प्रविष्टियां सही ढंग से भरी गई है और आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है । ऑनलाइन के माध्यम से अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के बाद, आवेदन में प्रदान किए गए विवरण में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी क्षेत्र में कचरा विवरण भरने से आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है ।

(v) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन पूर्ण होना चाहिए। **कृपया ध्यान दें कि अधूरे आवेदन/ वापस लिए गए आवेदन/ मसौदा स्थिति वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।** आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने पर, आवेदन की स्थिति **"प्रगति में"** के रूप में (इनप्रोसस) दिखाई जाएगी । आवेदन की प्रस्तुति के बाद ,उम्मीदवार" माई एप्लिकेशन्स" लॉग इन करें और प्रक्रिया की पूर्ति सुनिश्चित करें कि आवेदन की स्थिति **"प्रगति में"** है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रक्रिया पूरी हो गई है। <u>आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने या आवेदन वापस लेने के बाद शुल्क की वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>

(vi) <u>**ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने के बाद, आवेदकों को उनके संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा उत्पन्न एकमात्र पंजीकरण संख्यावाले ऑनलाइन आवेदन की एक सॉफ्ट कॉपी/ मुद्रित प्रति को अपने पास रखना चाहिए ।**</u> ऑनलाइन आवेदन पर पंजीकरण संख्या सीएसएल के साथ किसी भी पत्राचार केलिए उद्धृत की जानी चाहिए ।

(vii) ***आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है ।***

(viii) वेबसाइट **दिनांक 27 अक्तूबर 2025** से आवेदन प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कार्यशील रहेगी और ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक **12 नवंबर 2025** है । अंतिम तिथि पर वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक से बचने केलिए, जिसके परिणामस्वरूप आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीएसएल वेबसाइट पर लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रस्तुत करें । ***आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदन करनेवालों को अंतिम तिथि के 1600 बजे के बाद ई-मेल/फोन द्वारा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता/तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है ।***

**च) <u>सामान्य</u>**

i) **केवल पूर्व भारतीय नौसेना कार्मिक ही आवेदन कर सकते हैं ।**

ii) **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वे पदों केलिए जारी रिक्ति अधिसूचना के अनुसार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।**

iii) सीएसएल को उम्मीदवारों से शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं के समर्थन में किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज़ी प्रमाण का मांग करने का अधिकार है, जैसा कि उनके

ऑनलाइन आवेदन में दर्शाया गया है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना/उत्तर केवल ई-मेल career@cochinshipyard.in के ज़रिए ही होना चाहिए। हालांकि, सीएसएल निर्धारित तिथि और समय के भीतर ऐसे ई-मेल की किसी भी विलंब/प्राप्ति के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त ऐसे किसी भी प्रश्न के उत्तर पर विचार नहीं किया जाएगा, और इस संबंध में आगे किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv) **चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।**

v) रिक्तियां पूर्ण रूप से एक निश्चित अवधि केलिए अनुबंध के आधार पर हैं और सीएसएल, चयनित उम्मीदवारों की अनुबंध अवधि के दौरान या उसके बाद नियुक्ति की पेशकश करने हेतु उत्तरदायी नहीं है।

vi) **लघुसूचीगत उम्मीदवारों को डाक द्वारा बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा।** उन्हें बुलावा पत्र डाउनलोड करने केलिए ई मेल/ सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.in के माध्यम से सूचित किया जाएगा। **चयन प्रक्रिया की अनुसूची ईमेल / सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ→सीएसएल, कोच्ची) के माध्यम से लघुसूचीगत उम्मीदवारों को सूचित की जाएगी ।** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि चयन से संबंधित अद्यतन केलिए उपरोक्त वेबसाइट **(कैरियर पृष्ठ→ सीएसएल, कोच्ची)** को बार- बार देखें।

vii) लघुसूचीगत उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों को कार्यभार ग्रहण करते समय या सीएसएल किसी अन्य चरण में फिर से सत्यापित किया जाएगा। आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, चिकित्सा स्वस्थता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन और अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने पर उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है। प्रमाणपत्र सत्यापन/शामिल होने के समय यदि उपरोक्त सूचीबद्ध उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल रूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी/गलत है या किसी भी उचित जानकारी को छिपाया जा रहा है, तो उम्मीदवार के चयन पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

viii) नियुक्ति के लिए लघुसूचीगत उम्मीदवारों को सीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा जांच किया जाना है। सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसी चिकित्सा जांच की रिपोर्ट की जांच की जाएगी और उम्मीदवार की नियुक्ति सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वस्थता के प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

ix) सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार से संबंधित वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन योगदान आदि केलिए कोई दायित्व वहन नहीं करेगा।

x) सभी पदों के लिए रैंक सूची बनाए रखी जाएगी और रैंक सूची की वैधता अवधि अंतिम उम्मीदवार की रिपोर्टिंग की तारीख से 18 महीने तक होगी जो परिणाम के प्रकाशन पर शामिल होने के लिए सलाह दी गई उम्मीदवारों की सूची से, या उसी पद के लिए नई अधिसूचना जारी होने तक होगी । यदि रैंक सूची से शामिल होने के लिए सलाह दी गई उम्मीदवार के शामिल न होने या रैंक सूची से

चयनित उम्मीदवार के बाद में अलग होने के कारण कोई रिक्ति होती है, तो रैंक सूची संचालित की जा सकती है। रैंक सूची को सक्षम प्राधिकारी से विशिष्ट अनुमोदन के साथ रैंक सूची की वैधता के दौरान उत्पन्न होने वाली भविष्य की रिक्तियों को भरने के लिए भी किया जा सकता है।

xi) इस अधिसूचना में दर्शाए गए पदों की संख्या वर्तमान आवश्यकता पर आधारित है और भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर अलग होगी और रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को सीएसएल के निर्णय पर उस रैंक सूची से भरा जाएगा।

xii) उपरोक्त या किन्हीं अन्य शर्तों के बावजूद, सीएसएल अधिसूचित रिक्तियों को न भरने का अधिकार भी रखता है। इसके अलावा, अधिसूचित रिक्तियों को भरना, रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन होगा। यदि आवश्यक हो तो बिना किसी सूचना के या बिना कोई कारण बताए सीएसएल को भर्ती प्रक्रिया प्रतिबंधित करने / बदलने/ रद्द करने/ संशोधित करने का अधिकार है।

xiii) चयनित उम्मीदवार को कार्यस्थल पर स्मार्ट फोन के उपयोग के संबंध में सीएसएल नीति का अनुपालन करने का वचन देना होगा।

xiv) आवेदन जमा करना आवेदक द्वारा इस रिक्ति अधिसूचना के सभी नियमों और शर्तों के बिना शर्त स्वीकृति के रूप में माना जाएगा।

xv) **अपात्रता के मामले में आवेदन की अस्वीकृति के संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

xvi) केवल ऑनलाइन के ज़रिए आवेदन जमा करने और चयन हेतु बुलावा पत्र जारी करने से आवेदक को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं मिलेगा या पात्रता मानदंड को पूरा करने की पावती के रूप में नहीं माना जा सकता है या नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं है और आवेदक को सीएसएल में रोज़गार के किसी भी दावे का हकदार नहीं होगा।

xvii) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा।

xviii) इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही और/ या उसके जवाब में एक आवेदन और उसके बाद चयन प्रक्रिया केवल एर्णाकुलम के न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ फॉरम में संस्थापित किया जा सकता है और ऐसे न्यायालयों/ प्राधिकरणों के पास एकमात्र और अन्य अधिकार क्षेत्र होगा।

xix) इस विज्ञापन में कोई संशोधन, सुधार या परिवर्धन केवल सीएसएल वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।

xx) विज्ञापन और चयन के आयोजन से संबंधित किसी और आगे स्पष्टीकरण केलिए हमें कृपया career@cochinshipyard.in ईमेल या लैंड लाइन नं. 0484 – 250 1221 पर संपर्क करें।

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है।"**

ह/-
**महाप्रबंधक (मानव संसाधन व अध्ययन विकास)**